# मंदिर में पूजा करने से रोका, थाना पहुंचा मामला

## आईजी, डीआईजी,कलेक्टर, एसपी तक पहुंची शिकायत

**सिवनी नवभारत। जिले के लखनादौन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम आदेगांव का मामला जहां सार्वजनिक खेरापति मंदिर में पुजारी को पूजा करने से रोके जाना ही नही बल्कि पूजन किए शिवलिंग के पात्र को मंदिर के बाहर फेंक दिए जाने की शिकायत हुई।**

मिली जानकारी के मुताबिक अखिलेश तिवारी उर्फ़ बंटी महाराज आदेगांव निवासी द्वारा गत दिवस आदेगांव थाना में लिखित शिकायत के माध्यम से पुलिस के ध्यान में लाया था कि वह विगत 20 वर्षों से

सार्वजनिक खेरापति मंदिर आदेगांव में संतान सप्तमी पर पूजन किया करता है जिसमें स्थानीय सहित आसपास क्षेत्र से माताएं बहनें पूजन में शामिल होती हैं। वही शनिवार 30 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे से पूर्व की भांति वह संतान सप्तमी की पूजन अर्चन कर रहे थे जिसमें माताएं बहनें पूजन में शामिल थी।


उसी बीच स्थानीय कुछ लोगों द्वारा बाद विवाद करते हुए पूजन नही किए जाने को लेकर विवाद करने लगे इतना ही नहीं उनके द्वारा पूजन किए जा रहे भगवान शिव माता पार्वती के पार्थिव प्रतिमा के पात्र को उठाकर बाहर फेंक दिया गया।

स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही नही तीन दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद उन्होंने अब जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सिवनी के साथ आईजी,डीआईजी से भी गुहार लगाई है। अब देखने वाली बात होगी उक्त मामले में कब और किस तरह से कार्यवाही की जाती है।



### पुलिस ने नहीं दिखाई गंभीरता

अखिलेश तिवारी उर्फ़ बंटी महाराज को यह घटना घटित होने की भनक पूर्व में लग गई थी जिसे लेकर उन्होंने आदेगांव थाना में लिखित शिकायत एक दिन पूर्व दिया था । लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अखिलेश तिवारी उर्फ़ बंटी महाराज द्वारा शरारती तत्वों के उपर ठोस कार्रवाई किए जाने की अपील करते हुए बताया जा रहा है वह कोई ओर नही बल्कि निजी संगठन तथा राजनीति से जुड़े व्यक्ति है।



बरघाट। श्री छत्रपति शिवाजी गणेश उत्सव समिति मढ़ीयावार्ड वार्ड नंबर 13 द्वारा स्थापित भगवान श्री की गणेश प्रतिमा।



श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति राजराजेश्वरी चौक वार्ड नंबर 11 बरघाट में स्थापित मनोहारी प्रतिमा।



बरघाट- नगर के कान्हीवाड़ा रोड पीपल पेड़ के पास (मढ़िया वार्ड) वार्ड नंबर 13 में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा।

# धूमधाम से मनाई डोल ग्यारस, ग्रामीणों ने किया पूजन

**सिवनी नवभारत।** क्षेत्रीय परंपरा एवं संस्कृति अनुसार डोल ग्यारस पर विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने सामूहिक पूजन, कार्यक्रम का आयोजन किया। सिवनी विकासखंड के ग्राम बलारपुर के हनुमान मंदिर में डोल ग्यारस के अवसर पर बुधवार को ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष पूजन-अर्चन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में क्षेत्रीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर भगवान श्रीकृष्ण और हनुमानजी की आराधना की। ग्रामीणों ने मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन के बीच पूजन किया और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि मान्यता है कि डोल ग्यारस पर पूजा करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। इस अवसर पर बलारपुर का वातावरण भक्तिमय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण रहा।

### एक नजर में

## स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती का बलिदान दिवस मनाया



उगली । सिवनी के जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत केवलारी के ग्राम पंचायत सारसडोल उप तहसील उगली में गत दिवस विश्व हिंदु परिषद महाकौशल प्रांत जिला टोली सिवनी में धर्म प्रसार विभाग ने स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती का बलिदान दिवस मनाये . जिसमें महाकौशल प्रांत से रामलाल पटले जिला टोली, कमलेश नागेश्वर एवं ग्राम के वरिष्ठ मुन्नालाल चौधरी,भैयालाल बिसेन एवं गांव के सभी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें रोहित बिसेन सारसडोल को प्रखंड सहमंत्री का दायित्व दिया गया एवं सारसडोल ग्राम टोली बनाई गई .जिसमें अध्यक्ष जानकी बिसेन मंत्री भरत तेकाम संयोजक बंटी पटले को दायित्व दिया गया.

## पिता की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



केवलारी। समाजसेवी व पत्रकार कृष्णकुमार प्रजापति ने गुरुवार को अपने पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति की प्रथम पुण्यतिथि पर सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल व बिस्किट का वितरण किया गया।इसके साथ ही मोक्षधाम वाटिका में वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉ.एके लाकरा, रमाशंकर महोबिया , डा. अविनाश तिवारी, मनीष जैन, रफीक खान, सुधीर पांडे, अरूण चौरसिया, अनूप बघेल, नीलेश अवधिया, स्वप्निल उपाध्याय, प्रवीण दुबे एवं अन्य समाजसेवी व स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर प्राणिशास्त्र विभाग में कार्यशाला का आयोजन

**सिवनी नवभारत।** 04 सितम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पी. जी. कॉलेज सिवनी में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के निर्देशन इको क्लब एवं प्राणिशास्त्र विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया मुख्यवक्ता डॉ. राधेश्याम दहेरिया विभाग अध्यक्ष प्राणिशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया उन्होंने बताया जंगल प्रकृति का एक खूबसूरत चेहरा है जहां हरे भरे पेड़ जीव-जंतु जड़ी बूटियां अलग-अलग प्रजातियों के खूबसूरत पक्षियों का आशियाना शेर मगरमच्छ और हाथी जैसे सैकड़ों वन्यजीव मौजूद हैं।

खाल नाखून सींग और मांस के लिए इन जीवों का शिकार किया जाता है। जिनका उपयोग फैशन सौन्दर्य उत्पादन और कई विशिष्ट प्रकार की दवाओं के लिए किया जाता है। मनुष्य इन जानवरों का शिकार केवल अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए करते हैं जो अनावश्यक हैं। हालांकि इनकी आपूर्ती अन्य विकल्पों से भी पूरी की जा सकती है। इसलिए वन्यजीव प्रजातियों का शिकार रोकना वन्यजीव संरक्षण के तहत आता है। यह पृथ्वी पर वन्यजीवों और उनके आवास की रक्षा की ज़रूरत है ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां बिना किसी डर के रह सकें। प्रकृति की सुंदरता निखारने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए सरकार द्वारा संरक्षण प्रयासों के साथ यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि हम व्यक्तिगत रूप से वन्यजीवों के संरक्षण में अपना योगदान करें। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने वन्यजीव संरक्षण की शपथ लिया, कार्यक्रम का संचालन डॉ टी. पी. सागर] इकोक्लब कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर संदीप शुक्ला और डॉ. मनीषा सोनेकर ने आभार ब्यक्त किया ।





सिवनी नवभारत। आज गोल्डन टेंपल बैनगंगा के किनारे लक्ष्मी नारायण के मंदिर में सूर्यास्त अलग ही अनोखी रूप से देखा गया।

# गिफ्ट-ए-डेस्क पहल को मिला स्वास्थ्य केंद्र का साथ

**छपारा नवभारत।** सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा जिले के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की बैठने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई गिफ्ट-ए-डेस्क मुहिम को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से बड़ा सहयोग मिला है।

इस मुहिम के तहत, छपारा सीएचसी ने 42 डेस्क भेंट की हैं। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा पहल में सभी क्षेत्रों से लोगों और संस्थाओं ने स्वेच्छा से जुड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। यह योगदान बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ये 42 डेस्क शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम भाडतेंदनी, खैरी टोला, भरगा और कमली के शासकीय स्कूलों को सौंप दी गई हैं। छपारा सीएचसी के बीएमओ डॉ. टी. एस. इनवाती ने शिक्षकों को ये डेस्क सौंपते हुए बेहतर शिक्षण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस सहयोग के लिए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के अभियान में शामिल होने पर छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस पहल से स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के लिए सुव्यवस्थित माहौल बनेगा, जिससे उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।



# 33 .37 लाख की लागत के तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा ने नगर में 33.37 लाख रुपये की अनुमानित लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन परियोजनाओं का भूमिपूजन गुरुवार को दोपहर 1 बजे किया गया।

इन कार्यों में 400 मीटर लंबी पेवर ब्लॉक जिसकी लागत 9.99 लाख रुपये है। यह सड़क शंकर मढिया तिराहे से बस स्टैंड के मुख्य द्वार तक जाएगी, जिसके दोनों ओर फुटपाथ बनाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, विवेकानंद वार्ड नंबर 10 में खैर माई मढिया मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक कार्य 4.38 हजार रुपए और तिलक वार्ड नंबर 4 में 400 मीटर की सीसी सड़क का निर्माण कार्य 19 लाख रुपये है। भूमिपूजन समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष, श्रीमती निशा सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह, ठाकुर नवनीत सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह, सोहन कश्यप सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्षद मौजूद रहे।

इस अवसर पर नगर निवासियों ने अपील की कि इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द शुरू किया जाए और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। नगर वासियों ने यह भी बताया कि 21 जून 2025 को 30.32 करोड़ रुपये की लागत से अन्य परियोजनाओं का भी भूमिपूजन किया गया था, लेकिन अभी तक उन पर काम शुरू नहीं हुआ है।



# ग्राम पंचायत भोमा में नाली निर्माण नहीं होने से लोग परेशान

**सिवनी नवभारत।** जनपद पंचायत क्षेत्र ग्राम पंचायत भोमा के निवासी पिछले कई महीनों से एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में नाली निर्माण ना होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गंदा पानी सीधे उस रास्ते पर बहता है जिससे होकर गांव का प्रमुख मंदिर स्थित है, और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिए इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत के सर्पंच और सचिव को लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की शिकायत है कि पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। थक-हारकर लोगों ने इस मामले की शिकायत 181 जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज करवाई, लेकिन वहां से भी केवल औपचारिकता निभाई गई, समस्या का समाधान नहीं हुआ।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, हर दिन हमें गंदे पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है। जब कोई पूजा करने जाता है तो गंदा पानी पैरों से छपककर ऊपर तक चला जाता है। यह न केवल असुविधाजनक है, बल्कि धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचाता है। इस मामले में ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए ताकि गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जा सके और लोग साफ-सुथरे रास्ते से मंदिर तक पहुंच सकें। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और उच्च अधिकारियों से संपर्क करेंगे।



# ईद मिलादुन्नबी और गणेश उत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस ने किया बाइक से मार्च

**छपारा नवभारत। ईद मिलादुन्नबी की तैयारी चल रही है. और छपारा नगर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया जाएगा. और जिसको लेकर जुलूस भी निकल जाएगा. जिसको लेकर पुलिस के द्वारा नगर में कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस बल के साथ लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी ने छपारा नगर में बाइक रैली निकाली**

इस बाइक रैली में छपारा थाना प्रभारी खेमेंद्र जैतवार और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. जहां थाना प्रांगण से यह रैली निकाल कर छपारा के मुख्य मार्ग से होते हुए संजय कॉलोनी संजय कॉलोनी से वापस छपारा थाना पहुंची.

एसडीओपी अपूर्व भलावी ने बताया कि छपारा नगर में ईद मिलादुन्नबी और गणेश उत्सव मनाया जा रहा है. जिसको लेकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया.



## हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

**सिवनी नवभारत।** मिशन शक्ति अंतर्गत चलाए जा रहे हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन के अंतर्गत 10दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।इसी तारतम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी श्री मनोज लारोकर के निर्देशन में एवं प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सिवनी सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 3/9/25 को नर्सिंग कॉलेज जिला अस्पताल सिवनी के सभाकक्ष मे पीसीपीएनडीटी /एमपीटी अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदीप सोनकेशरिया द्वारा सोनोग्राफी तकनीक के संबंध मे अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की ।उक्त कार्यक्रम में कार्यालय वन स्टॉप सेंटर सिवनी से सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती नारायणी सक्सेना,केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना, वर्षा चौहान एवं सुरक्षाकर्मी दीपक रजक उपस्थित रहे।



**आयोजन** | शासकीय महाविद्यालय कुरई में जेंडर संवेदीकरण विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

# वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के सम्मान की रक्षा का स्थान हैं

**सिवनी नवभारत।** मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत महिला एवम् बाल विकास विभाग के द्वारा 02 से 12 सितम्बर तक 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

इसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी के द्वारा गुरूवार 4 सितम्बर को शासकीय महाविद्यालय कुरई में जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत में श्रीमती वर्षा बैस केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर और श्रीमती नारायनी सक्सेना सेंटर एडमिन का विद्यार्थियों द्वारा करतल ध्वनियों से स्वागत किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि जेंडर संवेदीकरण का मुख्य उद्देश्य लोगों को लैंगिक समानता का महत्व और लैंगिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। जेंडर संवेदीकरण के द्वारा ऐसा समाज बनाना हैं, जहां सभी व्यक्तियों के साथ उनके जेंडर के आधार पर भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर मिल सके। श्रीमती वर्षा बैस ने विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताते हुए कहा कि घर से लेकर दफ्तर तक महिलाओं को लिंग के आधार पर कई बार भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने और महिलाओं को मजबूती से खड़ा करने के मकसद से ही वन स्टॉप सेंटर शुरू किए गए हैं। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के सम्मान की रक्षा का स्थान हैं।

सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर सहायता एवं संरक्षण हेतु अस्थाई आश्रय,चिकित्सा, काउंसलिंग, विधि सहायता,पुलिस डेस्क उपलब्ध कराई जाती हैं।



### विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

सेंटर एडमिन श्रीमती नारायनी सक्सेना ने पॉक्सो अधिनियम 2012 के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कानून हैं।यह 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के खिलाफ यौन गतिविधि को अपराध मानता है और ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित करता है। इस कानून का उद्देश्य बच्चों के प्रति यौन शोषण को रोकना हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को महिला बाल विकास विभाग की पहल मिशन शक्ति से अवगत कराते हुए कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाया जा जा रहा हैं।

## 1126 .3 मि .मी . वर्षा दर्ज

**सिवनी।** विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 974.8. मि.मी, कुरई में 792.7 मि.मी., बरघाट में 1022.8 मि.मी., केवलारी में 1308.0 मि.मी., छपारा 1049.5 मि.मी, लखनादौन में 1078.3 मिमी, धनौरा में 1099.9 मिमी एवं घंसौर में 1985.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 9011.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

पैसा ठीक होने के बाद

जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना

शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है

सिवनी में मिलें — हर मंगलवार व बुधवार — प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी

बालाघाट में मिलें — हर शनिवार व रविवार — गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट

9243880464,7879453857



श्री श्याम आयुर्वेदिक

गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें

शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127